#बजट 2020-21

योजना की घोषणा एक फरवरी 2019 के बजट में की गई। इसके तहत छोटे किसान परिवारों को हर साल 6000 रुपये दिए जाते हैं। दो हेक्टेयर जमीन वाले किसानों को इसका लाभ मिलता है।

20000 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए योजना के पहले बजट में

8.35 करोड़ लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त 24 फरवरी 2019 में

3.01 करोड़ किसान रह गए चौथी किस्त में जो 29 जनवरी 2020 को जारी हुई

बजट में वित्त मंत्री की ओर से नए 100 एयरपोर्ट बनाने की घोषणा से गाजीपुर में सिविल एयरपोर्ट की उम्मीदें बढ़ीं

उड़ान से एयरपोर्ट के विकास को मिलेगी रफ्तार

बजट

गाजीपुर | वरिष्ठ संवाददाता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश में नए 100 एयरपोर्ट बनाने की घोषणाकर गाजीपुर की उम्मीदें बढ़ा दी है। नागर विमानन मंत्रालय के सर्वे के बाद गाजीपुर में नई विमान सेवाओं का आगाज होना था लेकिन चुनाव के बाद वह ठंडे बस्ते में चला गया। उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत देश में 100 एयरपोर्ट में गाजीपुर को इस योजना का लाभ मिलने वाला है। क्योंकि उड़ान योजना के अंतर्गत पहले भी गाजीपुर में भी एयरपोर्ट का विस्तार होना था। बजट में योजना का जिक्र हो जाने के बाद इन हवाई अड्डों पर जो भी रूकावटें आ रही हैं वो दूर हो सकती हैं। गाजीपुर की फाइल आगे बढ़ी तो तेजी से निर्माण कार्य करवाने का प्रयास होगा। एयरपोर्ट बन जाने से आसपास के जनपदों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

गाजीपुर में तत्कालीन सांसद और पूर्व रेलराज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने अंधऊ हवाईपट्टी को उड़ान योजना से जोड़ने का आग्रह सरकार से किया था। इसके बाद नागर विमानन मंत्री सुरेश प्रभू के निर्देश पर एविएशन की टीम ने गाजीपुर आकर सर्वे किया था। इसके बाद रनवे को बढ़ाने की बात पर तैयारी तेज हुई लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते कुछ अन्य अड़चनों के चलते एयरपोर्ट तैयार नहीं हो सका। वाराणसी एयरपोर्ट के अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर निर्माण कार्यों की निगरानी करने के साथ ही रिपोर्ट बनाई थी लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सकी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सर्वे किये जाने के बाद भवन निर्माण के साथ ही अन्य कार्य रफ्तार पकड़ेंगे। तैयार हो जाने के बाद हवाईअड्डे से एटीआर विमानों का संचालन किया जायेगा। माना जा रहा था कि सबसे पहले दिल्ली, मुंबई और कोलकाता को इसमें शामिल किया जाएगा।

नगर के मिश्रबाजार स्थित एक दुकान में टीवी पर बजट की लाइव प्रस्तुति देखते लोग। • हिन्दुस्तान

घरेलू हवाई मार्ग पर संचालित होंगे विमान

उड़ान योजना के तहत बनाए जाने वाले गाजीपुर सिविल एयरपोर्ट से केवल घरेलू हवाई मार्ग पर ही विमान संचालित किए जाएंगे। विदेश जाने वाले यात्रियों को यहां से किसी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जाने के बाद वहां से जाना पड़ेगा उसके बाद वहां से वे विदेश जाने वाली विमान से जा सकेंगे। गाजीपुर से काफी संख्या में लोग खाड़ी देशों में काम करते हैं। ऐसे में उड़ान योजना प्रारंभ हो जाने से दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने के बाद आगे की यात्रा आसानी से कर पाएंगे।

कृषि उड़ान योजना से विदेश तक जाएगी गाजीपुर की मिर्च

गाजीपुर। शनिवार को आए आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों के लिए बड़ी योजनाओं को लागू किया है। इसमें कृषि उड़ान योजना का ऐलान गाजीपुर के लिए हितकर साबित होगा। गाजीपुर की मिर्च अब आसानी से देश और विदेशों में पहुंच जाएगी। सरकार की इस योजना के तहत किसानों का सामान विमान से लाया ले जाया जाएगा। हॉर्टिकल्चर को लेकर भी वित्तमंत्री ने योजनाओं का ऐलान किया उससे किसानों को राहत ही नहीं मिलेगी गाजीपुर की फसलों और व्यापार की पकड़ भी बढ़ेगी।

जनप्रतिनिधियों ने कहा

देश के बजट में हर वर्ग को निराशा मिली है। रक्षा बजट में इतना कम कभी नहीं किया गया। देश की सीमा पर रक्षा करने वाले सैनिक मायूस है। वहीं देश का नौजवान किसान और जवान को बजट में कुछ नहीं मिला। देश इस धोखा और छला महसूस कर रहा है।
— अफजाल अंसारी सांसद



बजट में हर वर्ग का समावेश किया गया है। सरकार ने किसानों पर फोकस किया है। गाजीपुर में उड़ान योजना के तहत एयरपोर्ट संचालन का प्रयास होगा और कई अन्य योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेगा।
-मनोज सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री रेल राज्यमंत्री

इस बजट में गृहणियों का खास ख्याल रखा गया है। खाने-पीने के सामनों पर बजट से कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। कुल मिलाकर महिलाओं के हित में यह बजट रहा है। गृहणियों के लिए सोलर लाइट देने का वादा किया गया है। फिर भी बजट ठीक रहा है।
-मुन्नी देवी, गृहिणी, नियाजी मुहल्ला

इस बजट में सभी जिलों में मेडिकल कालेज खोलने की पहल सबसे सराहनीय कदम है। इससे बालिकाएं भी चिकित्सकीय क्षेत्र में अग्रसर होंगी। वहीं हम गृहणियों का भी खासा ख्याल रखा गया है। सबसे खास बात यह रही है कि गैस सिलेंडर के दाम नहीं बढ़े हैं।
-कंचन मिश्रा, गृहिणी, तुलसीसागर



बजट को पेश करने से पहले सभी के हित का ख्याल रखा है। किसानों से लेकर गृहणियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। आयकर में छूट, कर्मचारियों के टैक्स में छूट, किसानों को सोलर की व्यवस्था, मेडिकल जगत में नये-नये कदम को ध्यान में रखा गया है।
-मानवेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री भाजयुमो

यह बजट गरीब, किसान, नौजवान सभी को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। इसमें सभी आयकर रिटर्न करने के लिए दो विकल्प दिये गये हैं, जिसमें पुराने व नये दोनों विकल्प से भी उपभोक्ता आयकर रिटर्न कर सकता है।
-भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा

टैक्स में राहत लेकिन जिले को कुछ खास नहीं

आमराय

गाजीपुर | वरिष्ठ संवाददाता

देश में शनिवार का दिन आम दिनों जैसा नहीं था, यह गाजीपुर में साफ नजर आया है। देश में 2020 में होने वाले परिवर्तन की आज आधार शिला रखी जानी थी तो हर वाशिंदें को इससे उम्मीदें भी थी। शहर से लेकर देहात तक लहुरीकाशी के हर वाशिंदे को योजनाओं की आस और प्रगति की उम्मीद। जीं हां, हम बात कर रहे हैं और आज पेश हुए आम बजट पर लोगों की रुचि की। आज वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का केंद्रीय बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2020-2021 के इस बजट में कई बड़ी घोषणाएं की गईं, बजट के भाषण के दौरान शहर में लोगा टीवी से चिपके रहें। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी घोषणा की है। इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव से बहुत बड़े वर्ग को प्रभावित किया। बजट को किसान से लेकर नौजवान, सैनिक, व्यापारी, अर्थशास्त्री, छात्र और महिलाओं ने अपने -अपने नजरिए से देखा।

शनिवार को कारोबारी वर्ग की सीधी निगाह आम बजट पर रही। सुबह से ही विभिन्न जगहों पर एकत्र होकर कारोबार को लेकर बजट में मिलने जा रही रियायत और सहूलियत पर भी नजर रखते हुए व्यापारी नजर आए। दोपहर 1.30 बजे बजट भाषण के समापन के बाद से कारोबारियों ने बजट को लेकर राहत भरा बताया है। गाजीपुर में इस बजट का क्या प्रभाव होगा यह जानने के लिए विभिन्न जिलों के अलावा वाराणसी में भी कारोबारी सक्रियता से विचार विमर्श और मंथन करने में जुट गए हैं। व्यापारी वर्ग की माने अगर एयरपोर्ट शुरू हुआ और सड़कों समेत तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक रहा तो बजट गाजीपुर में कारोबारियों को राहत देगा।

एयरपोर्ट की शुरूआत, वाटर-वे से व्यापार को आगे ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी साबित हो सकता है। विमान और ट्रेन से माल ढुलाई की संभावनाओं को देखते हुए गाजीपुर के भांवरकोल, पतार, गंगा और मुहम्मदाबाद क्षेत्र की सब्जियों का निर्यात भी होगा। इससे किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा।

प्रतिक्रिया

यह बजट मध्यम व गरीबों के लिए हितकर नहीं है। इस बजट में किसानों के लिए कोई राहत नहीं है। इस बजट में सरकारी संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की गयी है। इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए कुछ भी नहीं मिला है।
-राम प्रकाश राम,जिलाध्यक्ष, बसपा

इस बजट में नौजवानों के रोजगार के लिए वित्तमंत्री ने कुछ भी नहीं दिया है। यह बजट केवल उद्योगपतियों के लिए बनाया गया है। इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं मिला है। यह बजट मध्यम व गरीब वर्ग को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है। -सुनील राम, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

इस बजट में छोटे व्यापारियों का खासा ख्याल नहीं रखा गया है। इस बजट में शिक्षा के लिए कुछ भी नही है। सरकारी संस्थाओं को कमजोर कर प्राइवेटी करण करने वाला बजट है। नौजवानों को रोजगार मिले, ऐसा कुछ भी इस बजट में नहीं है।
-सुनील साहू, शहर अध्यक्ष कांग्रेस

हमें यह उम्मीद थी कि इस बजट में राजकोषीय घाटा को बढ़ाकर लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाते, जिससे अर्थ व्यवस्था को गति मिलती, लेकिन विगत वर्ष की अपेक्षा घाटे की वित्त व्यवस्था राजकोषीय घाटा विगत वर्ष कम कर 3 .5 प्रतिशत किये हैं।
-डा. श्रीकांत पाण्डेय, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, पीजी कालेज

आम बजट किसान मध्यम वर्ग के कारोबारियों के लिए अच्छा है। बजट में 5 लाख से नीचे के आय वालों को छूट देकर अच्छा काम किया है, इससे मध्यम वर्ग के कारोबारियों को फायदा होगा। इससे युवा पीढ़ी भी निवेश कर कारोबार में हाथ बटा सकेगी। -
नीरज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता

इस बजट में सभी को कुछ ना कुछ मिला है। यह बजट कर्मचारियों के हित में है। इस बजट में हर तबके का ख्याल रखा है। बजट से नौजवानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही गृहणियों के लिए भी यह बजट हितकर रहा है।
-डा. सतीश राय , शिक्षक, एसएम नेशनल इंटर कालेज मच्छटी



यह बजट आमजन के लिए काफी कल्याणकारी है। इसमें मध्यम वर्ग की आमदनी पर पांच प्रतिशत की आयकर में छूट देकर अंतिम व्यक्ति को राहत देने का काम किया गया है। यह बजट सभी वर्गो के हित में है।
-प्रतिक सिंह बाबू, अधिवक्ता

सरकार ने विनिवेश के नाम पर सरकारी संस्थाओं को बेचने का काम कर रही है। बजट में वित्त मंत्री ने भारतीय जीवन बीमा निगम की आईपीओ को बाजार के हवाले कर उसको भी निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र शुरू कर दिया है।
- ओम प्रकश सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री, समाजवादी पार्टी

बजट को लेकर लोगों उत्साह

कासिमाबाद। केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर क्षेत्रवासियों के उत्साह बना रहा। किसान, छात्र और व्यापारियों में कुछ ने बजट को सराहा तो कुछ ने आपत्तियां जताई। नसरुद्दीनपुर गांव निवासी किसान संजय सिंह ने बताया कि यह बजट किसानों के हितकर है। बजट में किसानों को सोलर पंप देने का वादा किया गया है। किसानों के उत्पादों के लिए रेल सेवा का भी अलग से लाने का प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों के कच्चे मालों की ढूलाई और उचित बाजार मिल सकेगा।

राजेश यादव ने दूध और दूध से संबंधी उत्पादों की बिक्री के लिए भी बजट में ध्यान रखा गया है, वहीं मध्यम वर्ग को रोजगार करने के लिए कुछ भी अवसर नहीं दिया गया है। छात्र रोहित राजभर ने कहा कि सरकार द्वारा डिप्लोमा क्षेत्र में निवेश का प्रावधान करना छात्रों के लिए आशा भरी योजना है। इससे सभी छात्र तकनीकी शिक्षा पाकर एक सुरक्षित कैरियर बना सकते है। छात्रा पूजा ने कि सभी जिलों पर मेडिकल कालेज बनाने के लिए बजट में विशेष रुप से ध्यान दिया गया है। इस प्रयास से छात्रों को चिकित्सकीय क्षेत्र में जाने के लिए राहत मिलेगी।

बजट में मेडिकल कालेज को मिलेगी और धनराशि

गाजीपुर | वरिष्ठ संवाददाता

देश की मूलभूत आधार में शामिल शिक्षा और स्वास्थय को आम बजट में विशेष तरजीह मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट में चिकित्सा और शिक्षा के लिए पिटारा खोला है। मोदी सरकार ने बड़े एलान के दौरान गाजीपुर मेडिकल क्षेत्र से जुड़ी घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री ने कहा है कि अब जिला अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी वहीं गाजीपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज को भी बजट मिलेगा।

मोदी सरकार के इस एलान के बाद गाजीपुर मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी सुविधा मिलने वाली है। साथ ही यह उनके लिए भी अच्छी खबर है जो इस वक्त मेडिकल के तैयारी कर रहे हैं। गाजीपुर मेडिकल कालेज को बजट आवंटन कर सरकार अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराएगी। वहीं आने वाले समय मेंजिले में मेडिकल कॉलेज होने से लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। डॉक्टरों के लिए एक ब्रिज कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी, ताकि प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को प्रोफेशनल बातों के बारे में जानकारी दी जा सके। बजट में चिकित्सा क्षेत्र को मजबूती देते हुए गाजीपुर जिला अस्पताल को मेडिकल कालेजों से जोड़ने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत के तहत गरीबों को घर के नजदीक मुफ्त अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल को जल्द से जल्द चालू कराया जाएगा।

सुविधा

- डॉक्टरों के लिए ब्रिज कार्यक्रम की भी होगी शुरुआत
- जिला अस्पताल को मेडिकल कालेजों से जोड़ने का रास्ता साफ

FORM A
PUBLIC ANNOUNCEMENT
(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)
FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF PRISM INDUSTRIAL COMPLEX LIMITED

RELEVANT PARTICULARS		
1.	Name of corporate debtor	PRISM INDUSTRIAL COMPLEX LIMITED
2.	Date of incorporation of corporate debtor	27/05/2011
3.	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies,Uttar Pradesh
4.	Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor	U45400UP2011PLC044999
5.	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	DURGA CHOWK SEKLENDABAD GAZIPUR UP 233001 IN
6.	Insolvency commencement date in respect of corporate debtor	29/01/2020
7.	Estimated date of closure of insolvency resolution process	27-07-2020
8.	Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional	ANUJ KUMAR TIWARI IBBI/IPA-002/IP-N00811/ 2019-2020/12555
9.	Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board	C-147,RAJA JI PURAM LUCKNOW-226017 anujtiwarics@gmail.com
10.	Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional	CS Anuj Kumar Tiwari (Insolvency Professional) 201, Second Floor Indra Karan Plaza,Lalbagh,Lucknow-226001. Mobile-9794051011
11.	Last date for submission of claims	12-02-2020
12.	Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional	Not Applicable
13.	Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of Creditors in a class (Three names for each class)	N/A
14.	(a) Relevant Forms and (b) Details of authorized representatives are available at:	Weblink:https://www.ibbi.gov.in home/downloads Physical Address:- N/A

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of PRISM INDUSTRIAL COMPLEX LIMITED on 29th Jan 2020. The creditors of PRISM INDUSTRIAL COMPLEX LIMITED, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 2nd Feb 2020 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10. The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means. Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Name and Signature of Interim Resolution Professional: Sd/- Anuj Kumar Tiwari IBBI/IPA-002/IP-N00811/2019-2020/12555 Interim Resolution Professional PRISM INDUSTRIAL COMPLEX LIMITED. Email ID for correspondence related to Prism Industrial Complex Ltd—claimsprism@gmail.com Address Registered with IBBI- C-147,Raja Ji Puram,Lucknow -17 Email –anujtiwarics@gmail.com
Date and Place:- 01 Feb 2020 Lucknow

गोल्ड, सिल्वर पदक जीतकर बढ़ाया मान

मेडल जीतकर लौटने पर दिलदारनगर क्षेत्र स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि। • हिन्दुस्तान

दिलदारनगर | हिन्दुस्तान संवाद

प्रतिभा

- ताइक्वाण्डो नेशनल चैम्पियनशिप में जीता पदक
- खेल से झलकती है आपसी प्रेम व भाईचारगी: रितेश

ताइक्वाण्डो नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड, सिल्वर पदक जीत कर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने परिजनों सहित जनपद का मान बढ़ाया है। मेडल जीतने वाले छह खिलाड़ियों को पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सिंह के पुत्र रितेश सिंह ने सम्मानित किया। मार्शल आर्टस एकेडमी व लबी किक बॉक्सिग क्लब के खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के रिठाला के पास रोहिणी मेट्रो वॉक में 18 से 19 जनवरी को आयोजित कराटे व ताइक्वाण्डो नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया था।

पूर्वांचल कराटे एसोसिएशन के महासचिव एवं कोच नागेंद्र यादव लबी ने बताया कि कराटे में बारा निवासी वसीम खां ने 98 किलो भार वर्ग में गोल्ड और कूसी निवासी प्रिंस यादव ने 64 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। इसी तरह ताइक्वांडो में निरहू का पूरा निवासी आदित्य गुप्ता ने 54 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल, कटसिला चंदौली के सतेंद्र गौतम ने 48 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा भक्सी गांव के अकाश यादव 48 किलो भार वर्ग में सिल्वर तथा सरैला निवासी सुनील गुप्ता ने 62 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर अपने परिजनों, क्षेत्र समेत जनपद का मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए रितेश सिंह ने कहा कि खेल से आपसी प्रेम व भाईचारगी झलकती है। इसलिए खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए। इसमें जो संघर्ष करता है, वही आगे बढ़ता है। खेल से आपसी मिल्लत व प्रेम का सद्भाव बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों को भी संघर्ष के साथ अपने प्रतिभा को निखारने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चेयर मैन अविनाश जायसवाल, मुननू सिंह, दीपक यादव, अमरनाथ यादव, स्कूल के डॉयरेकटर मानस गुप्ता, मैनेजर अरुणेश सिंह, प्रिन्सिपल आशीष त्रिपाठी, रणजीत यादव, बलिराम यादव, दुर्गेश यादव, पिंटू यादव, पप्पू प्रधान आदि थे।

बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखा

जमानियां। जिला पंचायत द्वितीय के सदस्य बसंत यादव शनिवार की सुबह अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक पाठशाला में बेटावर खुर्द व प्राथमिक पाठशाला चवरी पहुंचकर देश का भविष्य कहे जाने वाले मासूमों के शैक्षिक स्तर को जानने व परखने का काम किया।

सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बेटाबर खुर्द पहुंचे और बच्चों से कुछ सवाल पूछे बच्चों का जवाब सकारात्मक था वहां के प्रधानाध्यापक रजनीश श्रीवास्तव को लगन व मेहनत के साथ पढ़ाने के लिए अपील किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय चवरी पहुंचे तथा वहां भी नौनिहालों को पढ़ाने का काम किए। उन्होंने मिड डे मील योजना के तहत बनी तहरीर को भी खाकर उसकी गुणवत्ता को जाना।

पत्नी ने लगाया जहर खिलाने का आरोप

सैदपुर | हिन्दुस्तान संवाद

थाना दिवस पर सैदपुर थाना में पति पर जहर पिलाने के आरोप की शिकायत करती महिला मनीषा देवी। • हिन्दुस्तान

स्थानीय थाने में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में फरियाद लेकर पहुंची एक महिला ने अपने पति पर शराब पीकर उसे जबरन जहर पिलाने का आरोप लगाया। उक्त महिला ने अपनी सास, ससुर, जेठ और जेठानी पर उसके साथ अत्याचार करने के लिए पति को उकसाने का की बात कही। महिला के प्रार्थनापत्र पर कार्रवाई करते हुए कोतवाल श्याम जी यादव ने तत्काल संबंधित क्षेत्र के पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार दुबे को जांच करने का निर्देश दिया।

नगर के वार्ड संख्या 11 गांधीनगर निवासिनी मनीषा ने उक्त प्रार्थना पत्र थाना दिवस में देकर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। महिला ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि बीते मंगलवार को उसका पति शराब पीकर घर में रखा अनाज और बर्तन फेंकने लगा। इसके बारे पति से पूछा तो, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के ललकारने पर वह मुझे मारने पीटने लगा। इसके बाद मेरे तीनों बच्चों को लेकर वह रात को भाग गया। पूरी रात ढूंढने के बाद वह अगले दिन बुधवार को बच्चों को लेकर घर आया। बच्चों को लेकर जाने की बात पूछने पर वह दोबारा मुझे बुरी तरह पीटते हुए घर में रखी कीटनाशक दवाई जबरन मुझे पिला दिया। इसके बाद वह घर से भाग गया। हालत खराब होने पर आसपास के लोगों ने महिला को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाल श्याम जी यादव ने बताया कि महिला के आरोपों की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

नवनिर्मित पार्क से हटाया गया पंप

लापरवाही

गहमर | हिन्दुस्तान संवाद

गहमर स्थित नवनिर्मित रेलवे पार्क से गायब सबमर्सेबल पंप। • हिन्दुस्तान

नवनिर्मित रेलवे पार्क के शिलान्यास के बाद ही दूसरे दिन शनिवार की सुबह रेलवे पार्क में लगा सबमर्सेबल गायब हो गया और इसकी जानकारी ना तो स्टेशन मास्टर को है ना ही मौजूद आरपीएफ कर्मचारियों को। ज्ञात हो कि शुक्रवार को हाजीपुर जोन के रेल महाप्रबंधक डीआरएम दानापुर व जमानिया विधायक सुनीता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे पार्क में पौधरोपण कर सबमसेर्बल का उद्घाटन किया था। पौधों की सिंचाई के लिए पार्क में इस पंप को लगाया गया था।

शनिवार की सुबह पार्क में जब टहलने पहुंचे लोगों की नजर इसपर गई, तो देखा कि वहां से पंपसेट गायब है। इसकी जानकारी जब आरपीएफ व स्टेशन मास्टर से जानी गयी, तो उन्होंने इस मामले में अनभिज्ञता जतायी। कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। वही लोगों का कहना था कि जीएम के आगमन पर केवल दिखावे के लिए सबमर्सेबल लगाया गया था। जीएम के जाने के बाद ही सबमर्सेबल निकाल लिया गया। सुबह जैसे ही इसकी जानकारी लोगों को हुई, तो चट्टी चौराहों व गांव में इस घटना की चर्चा जगह होती रही।

छेड़खानी का आरोपित बंदी

जमानियां। नगर स्थित एक मुहल्ले की रहने वाली किशोरी संग छेड़खानी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

नगर स्थित एक मुहल्ले की रहने वाली किशोरी के साथ एक युवक आये दिन छेड़खानी करता था। इस बात की जानकारी किशोरी के परिजनों का हुई तो मामला पुलिस तक पहुंच गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार की रात में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। दानिश पुत्र स्व. इस्लाम पर पुलिस के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया।